गुरुवार
25 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



आथर में हिस्ट्रीशीटर अपराधी ने अपनी ही बहन की गोली मार कर दी हत्या 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

### विपक्षी पार्टियों का आरोप: उद्घाटन समारोह से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दूर रखना लोकतंत्र पर सीधा हमला

# नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर विवाद 19 विपक्षी दलों ने समारोह का किया बहिष्कार

- विपक्षी पार्टियां बोलीं- इस सरकार के कार्यकाल में संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है
- सरकार ने कहा- विपक्षी पार्टियां अपने फैसले पर पुनर्विचार करें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस और टीएमसी सहित विपक्ष के 19 दलों ने 28 मई को होनेवाले संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने का ऐलान किया। विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया कि इस सरकार के कार्यकाल में संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है। इससे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दूर रखना लोकतंत्र पर सीधा हमला है। सरकार ने विपक्ष के इस कदम को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों को अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नया संसद भवन हमारे इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और सभ्यता को आधुनिकता से जोड़ने का सुंदर प्रयास है। नई संरचना को रिकॉर्ड समय में पूरा करने में 60 हजार श्रम योगियों ने अपना योगदान दिया है। 28 मई को आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद के नए भवन को देश को समर्पित करेंगे। वहीं विपक्षी दलों के समारोह से बहिष्कार की बात पर अमित शाह ने कहा कि हर मामले में राजनीति नहीं करनी चाहिए। एक बड़ी भावनात्मक प्रक्रिया है कि पुरानी परंपराओं से नए भारत को जोड़ने की। इसको इतने ही सीमित अर्थ में देखना चाहिए।







64500 स्क्वायर मीटर में बनकर तैयार यह नया संसद भवन अंदर से बेहद खूबसूरत है।

### केंद्र सरकार ने क्या दलील दी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। विपक्षी दलों की घोषणा को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने उनसे अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। जोशी ने कहा कि बहिष्कार करना और गैर-मुद्दे को मुद्दा बनाना सर्वाधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं उनसे इस फैसले पर पुनर्विचार करने और समारोह में शामिल होने की अपील करता हूं। जोशी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष संसद के संरक्षक हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री को संसद भवन का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है।

### संसद भवन को बनाने में 971 करोड़ रुपए हुए खर्च

लोकतंत्र का मंदिर कहे जाने वाले संसद भवन को इतना भव्य बनाया गया है कि अगले 150 सालों तक यह आने वाली पीढ़ी की हर जरूरतों को पूरा करेगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2020 में नए संसद भवन की आधारशिला रखी थी। 64500 स्क्वायर मीटर में बनकर तैयार यह नया संसद भवन चार मंजिला है। इसकी लागत 971 करोड़ रुपये है। नई बिल्डिंग में कुल 1224 सांसदों के बैठने की सुविधा है। इनमें 888 लोकसभा मेंबर बैठ सकेंगे, जबकि राज्यसभा चैंबर में 384 सांसदों के बैठने की सुविधा है। वहीं पुराने संसद भवन की बात करें तो उसे अंग्रेजों ने 1927 में 6 साल के निर्माण के बाद बनवाया था। इसपर 83 लाख रुपये का खर्च आया था।

### ये पार्टियां संसद भवन के उद्घाटन में नहीं जाएंगी

कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड मुनेत्र कड़गम (द्रमुक), जदयू, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कांफ्रेंस, केरल कांग्रेस (मणि), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, विदुथलाई चिरुथिगल काट्ची (वीसीके), मारुमलार्ची द्रविड मुनेत्र कड़गम (एमडीएमके) और राष्ट्रीय लोकदल ने बहिष्कार की घोषणा की है।

**लोकतंत्र खतरे में डाल रही है:** विपक्ष के 19 दलों ने एक संयुक्त बयान में कहा, नए संसद भवन का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमारे इस विश्वास के बावजूद कि सरकार लोकतंत्र को खतरे में डाल रही है और जिस निरंकुश तरीके से नई संसद का निर्माण किया गया था, उससे हमारी अस्वीकृति के बाद भी हम अपने मतभेदों को दूर करने और इस अवसर को चिह्नित करने को तैयार थे।

### राष्ट्रपति को दरकिनार करना उनका घोर अपमान

इन दलों ने बयान में आरोप लगाया, 'राष्ट्रपति मुर्मू को पूरी तरह से दरकिनार करते हुए, नए संसद भवन का उद्घाटन करने का पीएम मोदी का निर्णय न केवल राष्ट्रपति का घोर अपमान है, बल्कि हमारे लोकतंत्र पर सीधा हमला है, जो इसके अनुरूप प्रतिक्रिया की मांग करता है। उनके मुताबिक, भारत के संविधान के अनुच्छेद 79 में कहा गया है कि 'संघ के लिए एक संसद होगी जिसमें राष्ट्रपति और दो सदन होंगे जिन्हें क्रमशः राज्यों की परिषद और लोगों की सभा के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति न केवल राष्ट्राध्यक्ष होते हैं, बल्कि वह संसद का अभिन्न अंग भी हैं क्योंकि वही संसद सत्र आहूत करते हैं, उसका अवसान करते हैं और साल के पहले सत्र के दौरान दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित भी करते हैं। संक्षेप में, राष्ट्रपति के बिना संसद कार्य नहीं कर सकती है। फिर भी, पीएम ने उनके बिना नए संसद भवन का उद्घाटन करने का निर्णय लिया है। यह 'अशोभनीय कृत्य' राष्ट्रपति के उच्च पद का अपमान है।

## ओडिशा सरकार ने शिव मंदिरों में गांजे पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी/भुवनेश्वर**

ओडिशा सरकार ने मंगलवार को एक आदेश में राज्य भर के शिव मंदिरों में गांजे पर बैन लगा दिया। जिसको भगवान शिव के श्रद्धालू राज्य व्यापी दबी जुबान विरोध कर रहे हैं। अचानक यह फैसला क्यों लिया गया है इसको लेकर फिलहाल सरकार की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। मीडिया में राज्य सरकार ने एक बयान जारी करके कहा, वह राज्य भर के शिव मंदिरों में गांजे पर सख्ती से प्रतिबंध लगाएगी। सरकार ने सभी जिलों से कहा कि राज्य के किसी भी शिव मंदिर में गांजे का किसी भी रूप में इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

**क्या बोले राज्य सरकार के मंत्री:** ओडिशा सरकार में संस्कृति मंत्री अश्विनी पात्रा ने कहा, जिस तरह खुर्दा के बानापुर में भगवती मंदिर में पशु बलि की प्रथा पर प्रतिबंध लगाया था और बाद में इसे लगभग सभी मंदिरों में प्रतिबंधित कर दिया गया, उसी तरह ओडिशा के सभी शिव मंदिरों में गांजा के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। गौरतलब है कि भारत में गांजा प्रतिबंधित सामाग्रियों की श्रेणी में आता है और इसको उगाना, अपने पास रखना, किसी भी प्रकार से इसको लाना ले जाना, या फिर उसका व्यापार अपराध की श्रेणी में आता है।

## ज्ञानवापी मामले में बोला मुस्लिम पक्ष - निर्दयी नहीं था औरंगजेब

**एजेंसी/वाराणसी**

ज्ञानवापी के पूरे परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वे कराने की मांग के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सोमवार को जिला जज की अदालत में 26 पेज की आपत्ति दाखिल की। साथ ही मामले को खारिज करने की मांग रखी। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से ज्ञानवापी स्थित मस्जिद को हजारों वर्ष पुराना बताया गया और कहा गया कि वादीगणों ने दुर्भावनावश मुस्लिम शासकों को आक्रमणकारी बताया है। यह सत्य से परे है।

मुगल बादशाह औरंगजेब निर्दयी नहीं था। वर्ष 1669 में औरंगजेब के आदेश पर कोई मंदिर नहीं तोड़ा गया था। अब मामले की सुनवाई सात जुलाई को होगी। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के सचिव मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी की तरफ से जिला जज की अदालत में दाखिल आपत्ति में कहा गया कि काशी में काशी विश्वनाथ के दो मंदिर की धारणा न पहले थी और न आज है। ज्ञानवापी में मिली आकृति शिवलिंग नहीं है, वह फव्वारा है।

**...तो मस्जिद ध्वस्त हो जाएगी**

एएसआई के सर्वे से मस्जिद ध्वस्त हो जाएगी। यही वादीगणों का उद्देश्य है। इससे हमारा अहम साक्ष्य समाप्त हो जाएगा। ज्ञानवापी परिसर का एएसआई से सर्वे कानूनन संभव नहीं है। ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की मांग खारिज कर दी जाए। इसके लिए 24 बिंदुओं में जवाब दाखिल किए गए हैं।

## जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में हुए हादसे में 7 लोगों की मौत



**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में बुधवार को हुए एक हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ढंगदुरु पावर प्रोजेक्ट के कर्मचारियों को ले जा रही एक क्रूज कर हादसे की शिकार हो गई। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

इस हादसे की पुष्टी करते हुए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया, अभी-अभी डीसी किश्तवाड़ डॉ. देवांश यादव से डांगदुरु बांध स्थल पर हुए दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे के बारे में बात की। घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है और 1 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घायल को जिला अस्पताल किश्तवाड़ या जीएमसी डोडा में स्थानांतरित किया गया है।

## हाजीपुर में 13 साल की बड़ी बहन ने प्रेमी से मिलकर नौ वर्षीय छोटी बहन की हत्या कर दी

**खौफनाक कदम**

**केटी न्यूज/हाजीपुर**

बिहार के हाजीपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इसमें एक 13 साल की बड़ी बहन ने प्रेमी के साथ मिलकर 9 साल की छोटी बहन की ना सिर्फ हत्या कर दी बल्कि शव को चार दिन घर में बॉक्स के अंदर रखा और बाद में शव को एसिड से जलाने के बाद घर के पीछे फेंक दिया। 19 मई को शव मिला था। वहीं मंगलवार को इस पूरे मामले का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया। घटना में पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ा है। इसमें 13 साल की लड़की के अलावा उसका प्रेमी नीरज कुमार और लड़की की चाची शामिल है।

### दोनों ने मिलकर शव के किए थे टुकड़े

एसपी ने कहा कि हत्या करने के बाद लड़की और उसके प्रेमी ने शव को कमरे में एक बक्से में बंद कर रख लिया था। चार दिनों तक कमरे में शव को रखा गया था। जब दुर्गंध आने लगी तो दोनों ने मिलकर शव के टुकड़े किए थे। इसके बाद उसे एसिड से जलाने का प्रयास किया। दोनों ने शव को घर के पीछे फेंक दिया था और इस घटना से अनजान बन रहे थे।

### पिता ने दर्ज कराई थी लापता की शिकायत

घटना में उपयोग किए जाने वाले एक मोबाइल, चार सिम कार्ड, धारदार हथियार और एक बक्सा पुलिस को मिला है। बताया गया कि नौ साल की मासूम की उंगलियां भी काटी गई हैं। उसके पिता मजदूरी करने के लिए घर से दूर रहते हैं। लड़की अपनी बड़ी बहन और भाई के साथ घर पर रहा करती थी। 16 मई को पिता ने थाने में लापता की शिकायत दर्ज कराई थी।

मामला हाजीपुर के जंदाहा का है। शव मिलने के बाद पुलिस ने एफएसएल और डॉग स्क्वायड की मदद ली। मंगलवार को घटना के संबंध में वैशाली के एसपी रवि रंजन कुमार ने बताया कि 13 साल की लड़की का पास के गांव के एक लड़के से अफेयर चल रहा था। 15 मई की रात छोटी बहन ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। उनका भेद न खुल जाए इसीलिए बड़ी बहन ने छोटी की हत्या कर दी।




### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वृहद संतृप्तीकरण अभियान का शुभारंभ

# सम्मान निधि से छूटे हर पात्र किसान योजना से जुड़ेंगे : योगी

**एजेंसी/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 10 जून के बाद कोई भी पात्र किसान यह नहीं कहेगा कि उसे किसान सम्मान निधि नहीं मिली। किसान और श्रमिक शासन के एजेंडे का हिस्सा हो सकते हैं, यह देश ने बीते 9 साल में महसूस किया है। देश-दुनिया का पेट भरने वाले इन किसानों के दम पर ही यूपी आज आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। मुख्यमंत्री बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वृहद संतृप्तीकरण अभियान का शुभारंभ कर रहे थे।

बुधवार को लोक भवन में मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि



55000 ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाया जाएगा। सम्मान निधि से छूटे प्रत्येक पात्र किसान को योजना से जोड़ा जाएगा। अन्य छूटी योजनाओं का भी लाभ भी किसानों को इस अभियान से मिलेगा। प्रत्येक गांव में कृषि विभाग राजस्व, बैंक व अन्य सभी संबंधित विभागों की टीमें शिविर लगाएंगी। इनमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में आधार वेरिफिकेशन के साथ-साथ किसान सम्मान निधि सत्यापन भी होगा। हर व्यक्ति जहां स्वास्थ्य की जांच तो कराता है तो वहीं धरती मां के स्वास्थ्य की जांच भी होनी चाहिए, यह प्रधानमंत्री मोदी ने बताया।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के अभियान के तहत एमएसपी के तहत धान, गेहूं के साथ दलहन और तिलहन की फसलों का भी उचित मूल्य दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वामित्व के लिए 56 लाख ग्रामीण परिवारों को घरौनी उपलब्ध कराई गई।

### सीएम का आह्वान... जो पात्र नहीं वह स्वयं भी मना करें

मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि जो व्यक्ति प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पात्र नहीं है, वह स्वयं आगे आकर कहे कि गलती से उसका नाम इस सूची में आ गया है। उसका नाम सूची से काटा जाए और जो वास्तव में पात्र है उसे योजना का लाभ दिया जाए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी, उपकार के चेयरमैन कैप्टन विकास गुप्ता आदि मौजूद थे।

## मरीजों की मौत के मामले की जांच में जुटी पुलिस, बोर्ड गठित कर दोनों का कराया गया पोस्टमार्टम

# आरा में इलाज के दौरान पूर्व मंत्री के रिश्तेदार सहित दो मरीजों की मौत, लोगों ने किया हंगामा व तोड़फोड़



- घटना के बाद स्थानिय लोग हुए आक्रोशित, उतरे सड़क पर

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय में इलाज के दौरान मंगलवार की रात पूर्व मंत्री के रिश्तेदार सहित दो मरीजों की मौत हो गयी। इनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है।? मौत की घटनाएं नवादा थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड और महावीर टोला स्थित निजी अस्पताल में हुई है। उनमें एक चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ कन्हैया सिंह, जबकि दूसरा किसी झोला छाप डॉक्टर का क्लीनिक है। दोनों मामलों में डॉक्टरों की लापरवाही की बात कही जा रही है। मृतकों में गड़हनी गड़हनी थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव निवासी राम लायक सिंह के बेटे मुकेश सिंह और तरारी थाना क्षेत्र के सेदहा गांव निवासी उपेंद्र चौधरी की 23 वर्षीया पत्नी रजनी देवी थी। मुकेश सिंह पूर्व मंत्री और बड़हरा भाजपा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के रिश्ते में भतीजा बताये जा रहे हैं। मौत की घटनाओं के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा और जमकर हंगामा मचाया गया।

मुकेश सिंह की मौत से अक्रोशित लोगों ने ब्लॉक रोड स्थित हॉस्पिटल में जमकर तोड़फोड़ की। जहां डॉक्टर के चैंबर में लगी टीवी और एक्वेरियम सहित अन्य सामान तोड़ दिया। वहीं, हॉस्पिटल के सामने टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों ने डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग की। सड़क जाम होने से ब्लॉक रोड में काफी देर तक अफरातफरी मची रही। लोगों के आक्रोश को देखते हुए डॉक्टर और सभी स्टाफ हॉस्पिटल से भाग खड़े हुए। वहीं मौत से गुस्साए पूर्व मंत्री सह भाजपा विधायक भी सड़क पर उतर गये थे। उन्होंने मौके से ही फोन के जरिए एसपी से बात की और डॉक्टर को गिरफ्तार करने की मांग की। कहा कि गिरफ्तारी नहीं होने पर इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। दूसरी ओर, सूचना मिलने के बाद एएसपी चंद्रप्रकाश, नवादा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सहित अन्य अफसर पहुंचे। काफी देर के बाद एएसपी की पहल पर किसी तरह मामला शांत हुआ। उन्होंने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उसके बाद लोग सड़क से हटे और तब जाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## परिजन बोले... डॉक्टर की लापरवाही से गयी जान



मृत मुकेश सिंह के परिजन कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि 18 मई की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे उन्हें डॉ. कन्हैया सिंह के क्लीनिक में भर्ती कराया गया। डॉ. कन्हैया सिंह के द्वारा देखने और जांच कराने के बाद कहा 21 मई को ऑपरेशन करने की बात कही गयी थी। डॉ. कन्हैया सिंह के कहने पर 44.5 हजार रुपये दिए गए थे। उसके बाद डॉक्टर द्वारा दो यूनिट ब्लड का इंतजाम करने को कहा गया था। उस पर चार यूनिट ब्लड इंतजाम कर दिया गया। मंगलवार की शाम करीब 6 बजे डाक्टर द्वारा ऑपरेशन के लिए उन्हें ओटी में ले जाया गया। रात करीब दस बजे डॉक्टर ने बिना कोई सूचना दिए उन्हें ओटी से निकाल दिया। उसके बाद एंबुलेंस बुलाकर उस उस पर चढ़ा दिया गया और कहा गया कि इनकी हालत काफी गंभीर है। इन्हें वेंटिलेटर और आईसीयू की जरूरत है। लेकिन उनलोगों ने पाया कि मुकेश की मृत्यु हो गई थी। कुंदन कुमार सिंह का आरोप है कि डा कन्हैया सिंह क इलाज में लापरवाही बरतने के कारण मरीज की मौत हो गयी। उसके बाद उनके द्वारा बिना सूचना दिए एंबुलेंस बुलाकर उनको रेफर कर दिया गया।

## चिकित्सक ने लापरवाही के आरोप से किया इनकार

इधर, डाक्टर कन्हैया सिंह का कहना है कि बड़ौरा गांव निवासी मुकेश सिंह नामक एक मरीज आया था। उन्हें काफी गंभीर इंजुरी थी। स्थिति काफी क्रिटिकल थी। तब परिजनों को पटना ले जाने की सलाह दी गयी थी। कहा गया था कि वहां डॉक्टरों से बात कर ली जायेगी। उनका ऑपरेशन वहीं कराया जाए। क्योंकि केस काफी क्रिटिकल है। लेकिन परिजनों ने कहा कि जब आप करते हैं, तो ऑपरेशन कर दीजिए। उसके बाद उन्होंने अपने सहयोगी चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान उसकी बीपी काफी डाउन हो गई। उसके बाद बीपी स्टेबल नहीं हो पाई। उसके बाद पहचान वाले व्यक्ति को बुलाया और मॉनिटर पर उसकी बीपी व प्लस दिखा दी। कहा गया कि पटना ले जाएं और वेंटिलेटर पर रखें। तभी मरीज रिकवर हो पाएगा। उसके बाद उनके द्वारा अभी मरीज को नीचे उतारकर एंबुलेंस पर चढ़ाया ही जा रहा था। इस बीच उसके परिजन आक्रोशित हो गए और उनकी क्लीनिक में जमकर तोड़फोड़ की। उनके स्टाफ के साथ मारपीट की गयी।

**छत से गिरने के बाद चल रहा था इलाज :** गड़हनी थाने के बड़ौरा गांव निवासी मुकेश सिंह करीब एक सप्ताह पहले तेज आंधी के कारण छत से गिर गये थे। उसमें उनका दाहिना हाथ और दाहिना कूल्हा टूट गया था। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए कतीरा-ब्लॉक रोड स्थित डॉ. कन्हैया सिंह के श्रीवर्धन आर्थो नर्सिंग सेंटर में लाया गया था। तब से उनका वहीं पर इलाज चल रहा था। मंगलवार की शाम ऑपरेशन के बाद उनकी मौत हो गयी। उसके बाद परिजनों का गुस्सा भड़क उठा और क्लीनिक में जमकर हंगामा किया गया। तोड़फोड़ भी की गयी। तब सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पहुंचे और परिजनों को समझाकर मामले को शांत करा दिया। इस बीच बुधवार की सुबह परिजन एक बार फिर उनकी क्लीनिक पहुंचे और टायर जलाकर आगजनी की।

## मेडिकल बोर्ड गठित कर दोनों शवों का कराया गया पोस्टमार्टम

इलाज के दौरान दोनों मरीज की मौत की पुलिस की ओर से जांच शुरू कर दी गयी है। उसके लिए दोनों शवों का मेडिकल बोर्ड गठित कर पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार सिविल सर्जन के निर्देश पर महिला के शव के पोस्टमार्टम लिए चार सदस्य टीम गठित की गयी थी। उसमें ऑन ड्यूटी चिकित्सक केएस चौबे, डा. टीएन राज, डा विकास सिंह और डाक्टर मधुबाला सिन्हा शामिल थी। वहीं मुकेश सिंह के शव के पोस्टमार्टम के लिए तीन सदस्यीय टीम बनायी गयी थी। उसमें ऑन ड्यूटी चिकित्सक केएस चौबे, डा.टीएन राज और डा. विकास सिंह सिंह शामिल थे। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

## जांच के बाद ही दोषियों पर की जायेगी उचित कार्रवाई : एएसपी

एएसपी चंद्र प्रकाश ने कहा कि इलाज के दौरान मौत की दो घटनाएं हुई है। दोनों घटना नवादा थाना क्षेत्र में हुई है। पहली घटना के बारे परिजनों द्वारा बताया गया है कि महिला का ऑपरेशन कराया गया है। वह ननक्वालीफाई डॉक्टर द्वारा किया गया है। उसके कारण उसकी मौत हो गई है। उसमें प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी। उसमें जो भी कठोर डिसीजन लेने होंगे, वह लिए जायेंगे। दूसरी घटना में क्वालीफाईड डॉक्टर द्वारा ऑपरेशन किया गया है। उसमें मेडिसिन वगैरह की बात सामने आ रही है। उसके कारण मेडिकल टीम गठित कर शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही परिजनों द्वारा जिन बिंदुओं पर आरोप लगाया जा रहा है। उसकी बारीकी से जांच की जा रही है। उसके बाद जो उचित करवाई होगी। उन्होंने कहा कि जो भी कानूनी गाइडलाइन है। उस आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## डाक्टर के बदले स्टाफ ने किया अबॉर्शन, गई जान





आरा। दूसरी ओर, नवादा थाना क्षेत्र के महावीर टोला स्थित निजी क्लीनिक में मंगलवार की रात अबॉर्शन के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत हो गयी। मृत महिला तरारी थाना क्षेत्र के सेदहा गांव निवासी उपेंद्र चौधरी की 23 वर्षीया पत्नी रजनी देवी थी। उसके बाद परिजन भड़क उठे और जमकर हंगामा किया गया। सूचना मिलने पर नवादा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। महिला के देवर मोहन कुमार ने बताया कि उसकी भाभी रजनी देवी को चार महीने की प्रेगनेंसी थी। वह दूसरी बार मां बनने वाली थी।

मंगलवार की सुबह उसे तेज दर्द हुआ। उसके बाद गांव के ही एक व्यक्ति के कहने पर उन्हे शहर के महावीर टोला स्थित एक निजी क्लीनिक में लाया गया था। क्लीनिक के बाहर लगे बोर्ड पर शिवालय हेल्थ केयर, जबकि पर्चे पर भोजपुर हेल्थ केयर लिखा हुआ था। वे लोग मरीज को लेकर यहां पहुंचे, तो वहां पर कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। सिर्फ एक मैडम और एक जेन्स स्टाफ मौजूद था। दोनों ने जांच करने के बाद भाभी का अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में पेट में ही बच्चे की मौत होने की बात कही गयी थी। उसके बाद दोनों स्टाफ ने कहा कि मरीज का तत्काल ऑबर्शन करना होगा, वरना शरीर में पूरा जहर फैल जाएगा। डॉक्टर के बारे में पूछने पर स्टाफ ने कहा कि वे लोग अपना काम शुरू कर रहे हैं। डाक्टर साहब आ जाएंगे। मरीज को सुबह नौ बजे क्लीनिक में एडमिट किया था और शाम के तीन बजे डॉक्टर का कोई अता पता नहीं था। मौजूद स्टाफ द्वारा ही उसकी भाभी का ऑबर्शन किया जा रहा था। शाम के बाद मरीज की स्थिति काफी बिगड़ गयी। तब मौजूद सभी स्टाफ और अन्य मरीज वहां से अचानक गायब हो गए।

**ऑबर्शन के दौरान बच्चे को जबरन खींच रही थी महिला स्टाफ :** सेदहां गांव निवासी मोहन कुमार ने बताया कि क्लीनिक में मौजूद स्टाफ ऑबर्शन के दौरान बच्चे को बेरहमी से खींच रहे थे। उसकी भाभी करीब ढाई घंटे तक बेहोश थी। क्लीनिक के कर्मचारी द्वारा परिजनों से 40 हजार रुपये पहले ही ले लिए गए थे। इसी बीच रात करीब आठ बजे मरीज की मौत हो गयी। उसके बाद कहा गया है एक लाख रुपये और जमा करना होगा। मरीज की स्थिति काफी खराब है। उसे पटना रेफर करना है। उसके बाद उनलोगों मरीज को देखा, तो उसकी मौत हो गयी थी। उसके बाद परिजनों ने निजी क्लीनिक में जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि महिला पने दो भाई वह दो बहनों में दूसरे स्थान पर थी। उसका का पति मजदूरी करता है। उसे एक पुत्री रहना कुमारी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।



सड़क जाम के बाद घटनास्थल पर पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी


## टीबी मुक्त पंचायत की कवायद शुरू, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बनाई जाएगी रणनीति

# जिले के सक्षम लोगों को निक्षय मित्र बनने के लिए किया जा रहा जागरूक

- निक्षय मित्र योजना से टीबी मरीज हो रहें लाभान्वित, मिल रहा पौष्टिक आहार

**केटी न्यूज/बक्सर**

टीबी उन्मूलन की दिशा में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए विभाग लगातार प्रयास है। स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें तो अस्पतालों कीबुलियादी सुविधाओं में लगातार वृद्धि तो की जा रही हैं, साथ ही उन सुविधाओं का लाभ मरीज उठा सके इसके लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर जिले में टीबी मुक्त पंचायत बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। ताकि, टीबी




के नए और संभावित मरीजों को को बेहतर इलाज मिल सके। इतना ही नही गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही है जिसका लाभ जरूरतमंदों द्वारा लिया जा रहा है। उन्हों योजनाओं में से एक है निक्षय मित्र योजना। ज्ञात हो कि टीबी से ग्रसित मरीजों को सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जांच और दवा के साथ साथ सरकार टीबी मरीजों को पोषण आहार के लिए प्रतिमाह 500 रुपये सहायता राशि प्रदान करती है। वहीं, सरकार ने निक्षय मित्र योजना की शुरूआत की। इसके तहत कोई भी व्यक्ति, सरकारी कर्मी, निजी कर्मी, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, एनजीओ अपनी क्षमता के अनुसार टीबी मरीजों को गोद लेकर 6 महीना से लेकर एक साल तक प्रत्येक माह पोषण के लिए सहायता राशि या पौष्टिक आहार उपलब्ध करा सकते हैं।

**निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आ रहे है लोग :** सीडीओ डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, निक्षय मित्र योजना गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभकारी योजना साबित हो रहा है। टीबी मरीजों में अधिकांश गरीब तबके के पीड़ित लोग ही हैं। ऐसे में गरीब लोगों को उचित पौष्टिक आहार नही मिलने से रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती चली जाती है और टीबी बीमारी जल्दी ठीक नहीं हो पाती है। सीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही सहायता राशि के साथ साथ निक्षय मित्र द्वारा दी जा रही पौष्टिक अनाज से टीबी के मरीजों को काफी फायदा होगा। सीडीओ ने बताया कि टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा लाभ पहुंचाया जा रहा है। टीबी मुक्त पंचायत बनाने की कवायद शुरू की गई है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई जाएगी।

**निक्षय मित्र बन मरीजों को लिया गोद :** बीते दिनों इटाढ़ी प्रखंड के अतरौना पंचायत के मुखिया सचिंद्र सिंह ने दो मरीजों को गोद लिया। जिसके बाद उन्होंने दोनों इलाजरत मरीजों को निक्षय मित्र पोषण योजना के तहत पोषण की पोटली दी। मुखिया सचिंद्र सिंह ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों ने उनसे संपर्क कर योजना के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन योजना के अंतर्गत निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपए दिए जाते हैं। लेकिन वो आज के महंगाई के दौर में काफी नहीं है। इसलिए उन्होंने दो मरीजों को गोद लिया। जिससे उन मरीजों के पोषण की समस्या भी दूर हो जाएगी। साथ ही, वो जल्द टीबी से छुटकारा पा सकता हैं। साथ ही उन्होंने अन्य लोगों एवं जनप्रतिनिधियों से भी अपील किया कि निक्षय मित्र बन कर जरूरतमंद टीबी मरीजों की सहायता के लिए आगे आये।

## एक नजर

### महाधरना को ले चलाया जन जागरण अभियान

**अरवल।** युवा राजद के द्वारा कुर्था प्रखंड के राजेपुर, पंतीत, निघमा, कृपा बिगहा, लोदीपुर व चिरारी बिगहा ग्रामीण इलाकों में जन जागरण अभियान चलाया गया। जिसमें नई शिक्षा नीति से होने वाले दूषप्रभाव और जातीय जनगणना अविलम्ब कराने के लिए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं राजद के युवा संगठन इन मांगों को लेकर पांच जून को जिला मुख्यालय पर विशाल एक दिवसीय महाधरना का आयोजन की है। जिसको लेकर युवा राजद के नेताओं ने गांव-गांव जाकर जनसंवाद कार्यक्रम के तहत भारी संख्या में जिला मुख्यालय में महा धरना को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान नई शिक्षा नीति एवं महंगाई के विरोध में महा धरना का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय जनता दल के युवा जिला अध्यक्ष प्रवीण यादव ने कहा है कि दो तिहाई आबादी के हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं। पिछड़ों को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से दरकिनार करने का षडयंत्र स्वीकार नहीं। बिना जातिगत जनगणना की जनगणना पिछड़ों के साथ क्रूर मजाक है। युवा राजद ने लिखा है कि जिन्हें भी पिछड़ों के आरक्षण जातिगत जनगणना से आपत्ति है, वो पिछड़ों को हिन्दू नहीं मानते है। केंद्र की भाजपा सरकार चुनाव पूर्व किए तमाम वादों को भूल गई है। जातिगत जनगणना रिपोर्ट प्रकाशित हो जाने से दबे-कुचले और वंचित समाज को लाभ मिलेगा। भाजपा यह जानती है कि रिपोर्ट प्रकाशित हो जाने से भाजपा की जमीन खिसक जाएगी। उसे बजट में वंचित वर्ग की आबादी के अनुरूप प्रावधान करना होगा। भाजपा घबराहट और बौखलाहट में है। जनता भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा को पहचान चुकी है और विधानसभा चुनाव में जनता सबक सिखाने का काम करेगी। कार्यक्रम में युवा राजद अध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव, प्रधान महासचिव मो सबा करीम, सुनील यादव (प्रदेश महासचिव), सुनील सक्सेना (प्रखंड अध्यक्ष, कुर्था), शंभू यादव (नगर अध्यक्ष) उमेश पासवान जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाती), आदि उपस्थित थे।



### जल मानव के साथ हर जीवों के लिए आवश्यक

**जहानाबाद।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में भारत स्काउट और गाइड कार्यालय परिसर में जल संचय पर निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता युवा बढ़े चलो क्लब के सचिव राजीव कुमार ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत स्काउट और गाइड के जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार ने करते हुए कहा कि हम सभी जल संरक्षण के लिए पौधरोपण तथा अपनी आदतों में बदलाव लाकर कर सकते हैं। जैसे नहाने वाले झरनों को छोटा करें, ब्रश करते वक्त पानी का नल खुला नहीं छोड़े, जल के प्रयोग को घटाएं, अपशिष्ट जल का पुनः चक्रण करें, अपने घर में पानी बर्बाद होने से रोकें तथा ऐसे वॉशिंग मशीन इस्तेमाल करें जिससे अधिक जल की खपत नहीं हो। वहीं, मुख्य अतिथि इंटर विद्यालय बंधुगंज की विज्ञान शिक्षिका प्रीति कुमारी ने कहा कि जल मानव के साथ हर जीवों के लिए आवश्यक है। जिसका संरक्षण आज आवश्यक नहीं अपितु आवश्यकता है, इसका संचय बरसात में गिरने वाले पानी को व्यर्थ होने से बचाएं। अपने घर के बाहर सोख्ता का निर्माण करें। पेंटिंग प्रतियोगिता में मुस्कान कुमारी प्रथम, श्रेया शर्मा द्वितीय व सत्य प्रकाश कुमार तृतीय, निबंध प्रतियोगिता में गायत्री कुमारी प्रथम, अतितोष कुमार द्वितीय व खुशी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिनको मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।



### बाल श्रम है कानून अपराध: डॉ. चक्रपाणि


**जहानाबाद।** बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के अध्यक्ष डॉ. चक्रपाणि हिमांशु की अध्यक्षता में जिला अतिथि गृह में बाल श्रम उन्मूलन के लिए संबंधित विभागों के साथ समीक्षात्मक बैठक कर श्रम अधीक्षक, शिक्षा विभाग एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में अध्यक्ष ने जिले में अभियान चला कर बाल श्रम के अभिशाप से मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा की 6 से 14 वर्ष के बच्चे से बाल श्रम कराना एवं 14 से 18 वर्ष तक खतरनाक नियोजन में काम लेना कानूनन दंडनीय अपराध है। प्रभावशाली व्यक्ति ईट भट्ठा मालिक, घर प्रतिष्ठान, दुकान एवं कारखाने में काम करवाते पकड़े गए तो 20 हजार से 50 हजार रुपए तक का आर्थिक जुमार्ना एवं 2 साल की सजा होती है। श्रमिकों को श्रम संसाधन विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराकर सरकार द्वारा मिलने वाली सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। श्रमिकों की स्थिति जब तक अच्छी नहीं बाल श्रम पर रोक नहीं लगेगा। बाल श्रम एवं खतरनाक नियोजन में लगे बाल श्रमिकों की सूची 3 माह में उपलब्ध कराया जाए। सप्ताह में 2 दिन धावा दल चलाया जाए, विद्यालय एवं आंगनबाड़ी में नामांकित छात्राओं का जांच किया जाए, नामांकित छात्र विद्यालय आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर आते हैं या नहीं, अगर नहीं आते हैं इसका सही कारण का पता लगाया जाए। बैठक में विमुक्त बाल श्रमिकों के परिवार को राशि, इंदिरा आवास, राशन कार्ड, मिला या नहीं ? बच्चे विद्यालय जाते हैं या नहीं ? बाल श्रम गरीबी ,बढ़ती आबादी एवं अशिक्षा का कारण है। संविधान में सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा देने का मौलिक अधिकार है जिससे वह शिक्षित नागरिक बन सके। गैर खतरनाक नियोजन में लगे बच्चों से 1 दिन में 6 घंटे से अधिक कार्य नहीं लिया जा सकता बच्चों को 2 घंटे की शिक्षा की व्यवस्था नियोजक के खर्च पर किया जाएगा।



### अपशिष्ट प्रबन्धन इकाई का डीएम ने किया उद्घाटन



**जहानाबाद।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज 2 के तहत हुलासगंज प्रखंड में जिले का पहला प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी रिची पांडेय ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि जहानाबाद जिले में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का स्थापना एवं संचालन किया जाना स्वच्छता के स्थायित्व की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान द्वितीय चरण में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन एक मुख्य अव्यय है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक अपशिष्ट को कम करने तथा इसके समुचित निपटान के लिए विविध विधियों, अधोसंरचना निर्माण एवं प्रक्रिया की जानी है। जिसके अंतर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन का तात्पर्य पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित तरीके से प्लास्टिक कचरे का एकत्रण, भंडारण, ढुलाई, निपटान किया जाना है। मौके पर उप विकास आयुक्त परितोष कुमार ने बताया कि हुलासगंज की सभी 9 पंचायतों में 10 जून तक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए उसे संचालित किया जायेगा और वहां पर सभी प्रकार के अपशिष्ट का संग्रहण करते हुए उसका फॉरवर्ड लिंकेज प्रखंड में स्थापित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई से किया जायेगा। इसके लिए जो भी अपशिष्ट /कचरा पंचायत वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट से प्रखंड प्लास्टिक यूनिट तक आएगा उसके लिए विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट की एक निर्धारित दर से राशि पंचायतों को दी जायेगा।



महात्मा गांधी

गुलाब को उपदेश देने की आवश्यकता नहीं होती, वह तो केवल अपनी खुशबू बिखेरता है।



## राजद का अंबेडकर परिचर्चा आयोजित

**चौगाईं।** बुधवार को चौगाईं के एक निजी हाल में राजद ने अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया। कार्यक्रम का उदघाटन राजद के प्रखंड अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह और संचालन प्रखंड सचिव अजय राम ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश द्वारा प्रतिनियुक्त निर्मल कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर राजद नेताओं ने कहा कि आजादी की लड़ाई व संविधान निर्माण में बाबा साहब के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता। आज बाबा साहब के संविधान के चलते ही गरीब और अमीर एक साथ रहते है। बाबा साहब के लिखित अधिकारों, जनहित में उनके द्वारा किए गए कार्यों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। मौके पर राजद बक्सर जिला अध्यक्ष शेषनाथ सिंह, डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बद्री सिंह, एकरासी के पूर्व मुखिया संतोष यादव, बबलू यादव, देवेन्द्र यादव व अन्य मौजूद रहे।

# बम धमाकों से दहला ब्रह्मपुर, पटाखा बनाने के दौरान हुए हादसे में एक जख्मी

- एक गिरफ्तार, एसपी कर रहे है मामले की जांच, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद
- बिचला टोला में 33 वर्षों से अवैध तरीके से संचालित हो रही थी फैक्ट्री, बेखबर रही स्थानीय पुलिस

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**





बुधवार को ब्रह्मपुर के रिहायसी इलाके में अचानक एक के बाद एक हुए विस्फोट से इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपने घरों बाहर निकल भागने लगे। अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। घटना सुबह 10.45 बजे ब्रह्मपुर बिचला टोला स्थित मो मुस्लिम के घर की है। बताया जाता है कि उनके घर में पिछले तीन दशक से अधिक समय से अवैध तरीके से पटाखा फैक्ट्री का संचालन हो रहा था। इस घटना में मो मुस्लिम का पुत्र मो शहजाद गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जबकि घटना के बाद आरोपी अपने घर को अंदर से बंद कर लिया था। इधर घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी का घर खुलवाने का प्रयास करने लगी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसका घर खुलवाया। वही सूचना मिलते ही एसपी मनीष कुमार खुद ब्रह्मपुर पहुंच मामले की जांच में जुट गए हैं। पुलिस ने मो मुस्लिम को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से 15 पेटी पटाखा व पांच से छह बोरा विस्फोटक बरामद किया है। मौके पर एसएफएल टीम को बुलाने की तैयारी हो रही थी। इस घटना के बाद देर तक इलाके में हड़कंप मचा रहा।

**अवैध तरीके से संचालित हो रही थी फैक्ट्रीः** बता दें कि इस फैक्ट्री का संचालन अवैध तरीके से हो रहा था। प्रारंभिक जांच के दौरान आरोपी ने यह स्वीकार किया कि उसके पास पटाखा बनाने का लाइसेंस नहीं है। जबकि वह 1990 से पटाखा बना रहा है। बताया जाता है कि जिस मोहल्ले में पटाखा फैक्ट्री संचालित हो रही थी, वह काफी घनी बस्ती है। ऐसे में रिहायसी इलाके में अवैध पटाखा फैक्ट्री के संचालन से स्थानीय पुलिस व प्रशासन पर भी सवाल खड़े हो रहे है।

## नया व पुराना भोजपुर में भी हो चुकी है ऐसी घटना

इसके पहले भी अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होते रहे हैं। कुछ वर्ष पहले नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नया भोजपुर गांव में एक घर में पटाखा बनाने के दौरान ही विस्फोट होने से पूरा घर उड़ गया था। वही दो वर्ष पहले पुराना भोजपुर में पटाखा बनाने वाले एक कारीगर के हाथ में बम फटने से वह गंभीर रूप से झुलस गया था। गौरतलब है कि जब दीपावली नजदीक आती है तब प्रशासन द्वारा पटाखा निमार्ताओं व विक्रेताओं के लिए लाइसेंस को अनिवार्य बताया जाता है।

**क्या कहते हैं एसपीः** इस संबंध में एसपी मनीष कुमार ने बताया कि अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच के लिए एसएफएल की टीम को बुलाया गया है।

### हत्या, लूट और रंगदारी जैसे संगीन अपराधों में लिप्त था अपराधी मालिक यादव, छानबीन में जुटी पुलिस

# आथर गांव में हिस्ट्रीशीटर अपराधी ने अपनी ही बहन की गोली मार कर दी हत्या, फरार

- चौगाई के प्राथमिक विद्यालय अमसारी नया में शिक्षिका थी मृतक कविता
- पूर्व में मालिक यादव ने ही मुकुंदडेरा निवासी विश्वनाथ यादव की गोली मारकर की थी हत्या

**केटी न्यूज/ डुमरांव**





वासुदेवा ओपी थाना क्षेत्र के आथर गांव में बुधवार को अहले सुबह एक भाई ने अपनी बहन की गोली मार दी। इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका कविता कुमारी उम्र 50 वर्ष पिता भोदू यादव चौगाई के खेवली पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अमसारी नया में शिक्षिका थी। घटना सुबह पांच से छह बजे के बीच की बताई जा रही है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सह उसका भाई मालिक यादव फरार हो गया है।

बहन के हत्यारे भाई हिस्ट्रीशीटर अपराधी है तथा पूर्व में चर्चित शिक्षक रहे मुकुंदडेरा निवासी विश्वनाथ यादव की हत्या डुमरांव स्टेशन के पास गोली मार कर दी थी। इस मामले में वह जेल भी गया था। इसके अलावा एक बार व आर्म्स एक्ट में भी जेल जा चुका है। जानकारों का कहना है कि वह इलाके का कुख्यात अपराधी कर्मी है तथा हत्या, लूट और रंगदारी जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देता है। वहीं मृतका की छवि भी दागदार रही है। सूत्रों का कहना है कि वह अपने भाई के अपराधिक कृत्य में उसका साथ देती थी। हालांकि दोनों के बीच किस बात पर अन बन हुई इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था। पुलिस की मानें तो उसके अंतिम संस्कार के बाद ही परिजन एफआईआर दर्ज कराएंगे।

**घर में चल रहा था गोदान, अचानक बढ़ा विवादः** जानकारी के अनुसार कविता देवी के पिता भोदू यादव वृद्ध हो गए हैं तथा बुधवार को ही वे गोदान कर रहे थे। घर में इसकी तैयारी चल रही थी। इस दौरान किसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपी उसे गोली मार फरार हो गया। हालांकि घटना के बाद मृतका के पुत्र तथा एक अन्य भाई कुछ भी बताने से परहेज करते दिखे। जिससे यह मामला संगीन बन गया है। यह भी दिलचस्प है कि जिस भाई पर गोली मारने का आरोप लगा है, मृतका उसकी हर समय मदद करते आई है। यहा तक कि अपराधिक घटनाओं के बाद उसकी कोर्ट तथा अन्य जगहों पर पैरवी भी वही करती थी। लेकिन दोनों के बीच कौन सी ऐसी बात हुई कि वह गोली मारने पर मजबूर हुआ।

**दो महिलाओं को हिरासत में ले पूछताछ कर रही पुलिसः** शिक्षिका कविता देवी को घर में ही गोली लगी है। लिहाजा पुलिस घर के दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो घर के सदस्य के मोबाइल नंबरों को भी पुलिस खंगाल रही है। इसके अलावा आरोपी की तलाश भी सरगर्मी से हो रही है। इस घटना के बाद पीड़ित के परिवार में कोहराम मच गया है। घरवाले किसी से कुछ बताने में परहेज कर रहे हैं। बताया जाता है कि इलाके तथा शिक्षा विभाग में कविता का अपना एक अलग ही रुतबा था। उसकी पहचान एक सख्त मिजाज महिला के रूप में थी।

**पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने सौंपा शवः** शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार उसका श्राद्ध कर्म ससुराल में ही होगा। घटना की जानकारी मिलने के बाद उसके पति मौके पर पहुंच चुके थे।

**कहीं जमीन विवाद से तो नहीं जुड़े हैं तारः** जानकारों की मानें तो कविता के मायके वालों का एनएच 120 के किनारे पांच छह कट्ठे का एक भूखंड था। कविता का अपने पति से तालाक हो गया था तथा वह मायके में ही रह रही थी। जानकार बताते है कि मुख्य सड़क के किनारे वाली जमीन पर कविता घर बनाना चाह रही थी। जबकि आरोपी उसे पूरी जमीन देने को तैयार नहीं हो रहा था। इधर चार पांच दिन पहले से ही मृतका द्वारा उक्त जमीन पर पायलिंग करवाई जाने लगी थी। सूत्रों की मानें तो मंगलवार की शाम ही आरोपी कही से आया था। सुबह में वह उस जमीन की घेराबंदी नहीं कराने की बात कह रहा था। इसी बात पर विवाद बढ़ा और उसने अपनी बहन को गोली मार दिया। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि परिवारवाले या पुलिस नहीं कर रही है।

**क्या कहते हैं एसडीपीओः** इस संबंध में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी ने बताया कि शिक्षिका की गोलीमार हत्या कर दी गई है। आरोप उसके भाई पर लग रहा है। फिलहाल परिजन अंतिम संस्कार में व्यस्त है, जिस कारण एफआईआर दर्ज नहीं हो सका है। एफआईआर दर्ज होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# प्रत्याशियों को आवंटित हुआ चुनाव चिन्ह, बढ़ी सरगर्मी



- निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ ने तीनों पदों के प्रत्याशियों को दिया अलग-अलग चुनाव चिन्ह

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर निकाय चुनाव में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद तथा वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के बीच बुधवार को चुनाव चिन्हों का वितरण किया गया। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ कुमार पंकज ने उन्हें चुनाव चिन्ह वितरित किया। चुनाव चिन्ह वितरण को ले नगर परिषद कार्यालय में पूरे दिन गहमागहमी का माहौल रहा। सिंबल वितरण होते ही शहर के वार्डों में चुनाव की सरगर्मी बढ़ गयी है। सिंबल लेने के लिए अनुमंडल मुख्यालय के निर्वाचन कार्यालय में प्रत्याशियों की पूरे दिन चहल-पहल बनी रही।

प्रत्याशियों के बीच सिंबल आवंटित होते ही चुनावी प्रचार सामग्रियों के कारोबारियों के चेहरे चमक उठे हैं। वही प्रत्याशी अपने-अपने चुनाव चिन्ह को लेकर प्रिंटिंग प्रेस और चुनाव प्रचार सामग्री के दुकानों पर पहुंचे तथा अपने मन-मुताबिक हैंडबिल-बैनर प्रिंट कराते नजर आए। अनुमंडल कार्यालय के बाहर चुनाव प्रचार सामग्री की दुकानें सजी थी। जहां प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों का हुजूम उमड़ रहा था। सिंबल लेने के बाद प्रत्याशी तथा उनके समर्थक सीधे दुकानों पर जा रहे थे।

चुनाव सामग्री बेच रहे ठाकुर प्रसाद और दिनेश कुमार ने बताया कि हम सब फतुआ के एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं। बिहार में होने वाले सभी छोटे-बड़े चुनावों के दौरान पटना सिटी के व्यपारियो से प्रचार सामग्री लेकर जहां भी चुनाव का बिगुल बजता है वहां पहुंचते है तथा फुटपाथ पर दुकान खोल अपन व्यापार चलाते है। निकाय चुनाव को लेकर इस कारोबार में आठ से दस लोग शामिल है। चुनाव रोजगार देकर आमदनी बढ़ाता है। कारोबारी बताते है कि नगर निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने पूर्व में ही चुनाव चिन्हों की सूची जारी कर दी थी। उसी अनुसार हर निकाय चुनाव चिन्ह पर बैनर, पोस्टर, स्टीकर, बैच, बाइक स्टैंड झंडा आदि का निर्माण कराया गया है, जो दस रुपये से लेकर 50 रुपये तक की राशि निर्धारित है।

# शादी में गये थे परिजन, चोरों ने उड़ाए 30 हजार के गहने

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय थाना क्षेत्र के रजडीहा गांव में चोरों ने एक कमरे में रखे गये बक्से का ताला तोड़कर नगद सहित करीब 30 हजार रुपये के गहने लेकर चंपत हो गये। परिजन एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से बाहर गये थे। इसी दौरान चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पीड़िता कलावती देवी ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पुलिस के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि परिजन एक शादी में शामिल होने के लिए बाहर गये थे। मैं अकेले घर पर रात्रि पहर खाना खाकर छत पर सो रही थी। जब सुबह में नीचे आयी तो देखा कि बक्से का ताला टूटा है और सारा सामान बिखरा है. बक्से से चोरों ने पांच हजार रुपये के दो चांदी के पायल, आठ हजार रुपये के सोने का कनफूल, दस हजार रुपये का सोने का जिउतिया और छह हजार रुपये नगद गायब था।

# शादी से दो दिन पहले सड़क हादसे में बक्सर के युवक की मौत

**केटी न्यूज/बक्सर**



आरा-बक्सर फोरलेन पर शाहपुर मोड़ के पास बुधवार सुबह सड़क हादसे में बक्सर निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। बहन को लाने आरा आने के दौरान एक बेलगाम बस ने उसे रौंद डाला। मृतक बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव निवासी दीनानाथ महतो का इकलौता पुत्र ललन कुमार उम्र 21 वर्ष था। दो दिन बाद ही उसकी शादी होने वाली थी। मंगलवार की रात ही तिलक समारोह संपन्न हुआ था।

घटना को लेकर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। उसके चचेरे जीजा मंटू कुमार सिंह ने बताया कि 26 मई को ललन की शादी होने वाली थी। मंगलवार की रात ही उसका तिलक आया था। उसी सिलसिले में बुधवार की सुबह वह अपनी बहन गीता देवी को गांव ले जाने के लिए बाइक से मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गांव जा रहा था। तभी शाहपुर मोड़ के समीप तेज रफ्तार बस उसकी बाइक को रौंदते निकल गयी। उसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उसके बाद शाहपुर पुलिस द्वारा फोन कर घटना की सूचना दी गई।

**सेहरा सजने से पहले उठ गयी अर्थीः** ब्रह्मपुर निवासी ललन कुमार की मौत उसके घर और होने वाले ससुराल में मातम पसर गया। शादी की शहनाई के बदले दोनों घरों में रोना धोना मच गया। उसके होने वाले ससुराल के लोग अभी तिलक चढ़ा कर घर पहुंचे ही थे कि कि मौत की मनहूस खबर पहुंच गयी। वहीं ललन कुमार के घर के लोग अभी तिलक की खुशी में डूबे थे किसी बड़े सदमें की तरह उन्हें यह मनहूस खबर मिली। बताया जा रहा है कि ललन कुमार की शादी बक्सर के सिमरी थाने के मझवारी गांव निवासी दिनेश महतो की पुत्री रीता कुमारी से तय हुई थी। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। तिलक की सुबह ही ललन सड़क हादसे का शिकार हो गया। सिर पर सेहरा सजने से पहले ही उसकी अर्थी उठ गई। उसकी मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया।

## एक नजर

### मायके आई विवाहिता हुई गायब, पिता ने दर्ज कराया एफआईआर

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कनरूआं गांव निवासी रामायण भर ने अपनी पुत्री रूबी देवी के मायके से गायब होने का मामला स्थानीय थाने में दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि उसने अपनी बेटी रूबी देवी की शादी वर्ष 2013 में इटाढ़ी थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी शिवजी भर के पुत्र दिनेश भर से की थी। उसे आठ वर्ष का एक बच्चा भी है। पिछले महीने 10 अप्रैल को वह बक्सर से आपरेशन कराने के बाद स्वास्थ्य लाभ लेने मायके आई थी। 14 अप्रैल को अपनी मां के साथ दवा लेने के लिए घर से निकली और गांव से बाहर जाते ही मां को यह कहकर लौटा दी कि मैं अकेली ही बक्सर जाउंगी तथा वहा से अपने ससुराल चली जाउंगी। लेकिन अगले दिन उसके पति परदेश से आए तथा उसका हाल चाल पूछने के लिए फोन किए तब पता चला कि वह अपने ससुराल नहीं गई है। मायके तथा ससुराल पक्ष के लोग उसकी काफी खोजबीन किए है। लेकिन जब कुछ सुराग नहीं चला तो स्थानीय थाने में उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। इधर विवाहिता के गायब होने से उसके बच्चें, पति समेत पूरा परिवार बेहाल हो गया है।

### रेल यात्री सुविधाओं व एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर चल रहा धरना स्थगित

**रघुनाथपुर।** सात अप्रैल से रेल यात्री सुविधाओं एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग लेकर रघुनाथपुर में चल रहा धरना दानापुर मंडल वाणिज्य प्रबंधक के धरना स्थल पर पहुंचने के बाद 30 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके पूर्व रेलयात्रियों की सुविधाओं की मांग पूरी कराने के लिए चल रहा अनिश्चतकालीन धरना 47 वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता डॉ चन्द्रशेखर पाठक एवं संचालन संयोजक नागेन्द्र मोहन सिंह कर रहे थे। इसी दौरान दिन में तकरीबन डेढ़ बजे धरनार्थियों के बीच दानापुर डिविजनल रेल कमर्शियल मैनेजर संजीव रमन पहुंचे। धरनास्थल दुर्गामंदिर परिसर में ही अधिकारी व धरनार्थियों के बीच सभी बिदुओं पर वार्ता हुई, मुख्य रूप से 03649 अप 03650 डाउन बक्सर से वाराणसी तक चलने वाली मेमू का बिस्तार रघुनाथपुर से करने एवं 12391अप,12392 डाउन, श्रमजीवी एक्सप्रेस,20801 अप 20802 डाउन मगध एक्सप्रेस के ठहराव को प्राथमिकता देते हुए अन्य मांगों को भी जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन मिला। वार्ता के बाद प्लेटफार्म, वेटिंग हाल, 1नम्बर प्लेटफार्म पर पश्चिम दिशा में पीने के पानी की व्यवस्था, 2 तथा 3 नम्बर प्लेटफार्म पर ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच का गैप तथा 4 नम्बर प्लेटफार्म को पूरब की दिशा में बढ़ाने की बात को प्रमुखता से लिया गया।

### सहियार में आयोजित हो रहे शत चंडी महायज्ञ में परिक्रमा व कथा श्रवण को उमड़ रहे श्रद्धालु, भक्तिमय हुआ माहौल

# तन-मन से भागवत कथा सुननेवाले को जरूर मिलती है मुक्तिः प्रज्ञा शुक्ला

- यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 लखनदास जी महाराज के परम शिष्य कन्हैया दास जी महाराज के मंगलानुशासन में आयोजित हो रहा महायज्ञ

**केटी न्यूज/सिमरी**



प्रखंड के सहियार काली मंदिर प्रांगण में आयोजित शत चंडी महायज्ञ में बुधवार को पंचांग पूजन के साथ ही वैदिक विधान से हवनादि शुरू हो गया है। यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 लखनदास जी महाराज के परम शिष्य कन्हैया दास जी महाराज के मंगलानुशासन में आयोजित हो रहे इस महायज्ञ से क्षेत्र में भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। यज्ञाचार्य व साधु संतो द्वारा मंडप परिक्रमा पूरी करते ही सैकड़ो श्रद्धालु मंडप की परिक्रमा में जुट गए है। पूरे दिन मंडप परिक्रमा करने वालों का तांता नहीं टूटा था। कन्हैया दास जी महाराज ने बताया कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा का बड़ा महत्व है। इससे यज्ञ श्रवण का फल मिलता है। वहीं बुधवार को विद्वान ब्राह्मणों के नेतृत्व में पूरे दिन कई तरह के वैदिक विधान व आहूतियां दी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दौरान अयोध्या से आए प्रवचनकर्ता सीता सहचरी ने राम जन्म से लेकर वनवास तक की कथा बड़े ही रोचक ढंग से सुनाई। प्रवचन के दौरान तुलसीदास रचित चौपाई भये प्रकट कृपाला, दीनदयाला का सुमधुर अवाज में गाकर उन्होंने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया। इस दौरान श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए थे। जबकि चर्चित कथा वाचिका प्रज्ञा शुक्ला ने भागवत कथामृत का पान श्रद्धालुओं को कराया।

उन्होंने राजा परिक्षित के मुक्ति प्रसंग की कथा सुनाते हुए कहा कि भागवत की रचना ही मोक्ष प्राप्ति के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति तन मन से भागवत कथा का श्रवण करता है उसे मुक्ति जरूर मिलती है। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में भागवत कथा का श्रवण करने तथा धमार्नुसार जीवन यापन की प्रेरणा दी। इस महायज्ञ के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह व्याप्त है। खासकर श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ महायज्ञ स्थल पर उमड़ रही है। पूरे दिन हो रहे वैदिक मंत्रोच्चार व यज्ञ नारायण भगवान के जयघोष से माहौल गुंजायमान हो रहा है।

# परिवार नियोजन का लाभ आम जन तक पहुंचाना विभाग का उद्देश्य: सीएमओ

- स्वास्थ्य इकाइयों पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाओं को बेहतर बनाने को ले हुई बैठक

**केटी न्यूज/मऊ**



नगरीय स्वास्थ इकाईयों पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये समीक्षा बैठक तथा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला महिला अस्पताल के सभागार में किया गया। बैठक में भारत सरकार के पोर्टल हेल्थ मैनेजमेंट एंड इनफॉरमेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश अग्रवाल ने बताया कि प्रसव के दौरान मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करने और परिवार नियोजन का लाभ आम जन तक पहुंचाना विभाग का उद्देश्य है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए राजकीय विभागों का आपसी सामंजस्य बहुत ही जरूरी है। सभी के संयुक्त प्रयासों से ही स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। साथ ही निजी चिकित्सालय समस्त सेवाओं का डाटा एचएमआईएस पोर्टल पर नियमित रूप से अंकित करें। सभी महीने में एक बार समीक्षा बैठक अवश्य करें।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व परिवार कल्याण के नोडल अधिकारी डॉ. भैरव पांडेय ने बताया कि जिस तरह बहुत तेजी से शहरीकरण हो रहा है एवं दिन प्रतिदिन गांव से लोग शहरों में आकर बस रहे हैं। उससे कई तरह की समस्या जन्म ले रही हैं जैसे रहने के लिए आवास, बेरोजगारी, शिक्षा, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य वैसे तो यह सभी समस्या महत्वपूर्ण है। लेकिन हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सही समय पर प्राप्त हो, इसके लिए प्रसव पूर्व सुविधायें, संस्थागत प्रसव, गर्भपात, परिवार नियोजन और बच्चों को नियमित टीकाकरण की रिपोर्ट दर्ज हो। उन्होंने सभी विभागों में आपसी सामंजस्य को बेहतर बनाने की बात कही। किसी प्रकार की समस्या आने पर व्यापक कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। जिन भी नगरीय स्वास्थ इकाईयों में स्टाफ की कमी है, उसकी सूचना उपलब्ध कराई जाए उसे तुरन्त ही दूर किया जायेगा।

डॉ पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से शहरी जनसमुदाय को विभिन्न विभागों एवं प्राइवेट अस्पतालों के सहयोग से स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जा रही हैं। इनमें मातृ व बाल स्वास्थ्य के साथ ही परिवार नियोजन की सेवायें भी शामिल हैं। जिसमें विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं का सहयोग सराहनीय है। इसके बावजूद इन सेवाओं को और बेहतर कैसे बनाया जाए एवं अन्य विभागों की इसमें क्या और भूमिका हो सकती है, इस पर परिचर्चा जरूरी है। जिससे सुधार करते हुए बेहतर आयाम तक पहुंचा जा सके। पीएसआई इन्डिया टीसीआई संस्था के केवल सिंह सिसोदिया ने बताया कि शहरी स्वास्थ्य केन्द्र पर हर माह परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक अवश्य करें। नियमित अंतराल दिवस, खुशहाल परिवार दिवस का आयोजन कर परिवार नियोजन कार्यक्रम को और मजबूत बनाया जाए। उन्होंने बताया कि दो वर्षों से मऊ शहरी क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए पीएसआई इंडिया संस्था परिवार नियोजन के कार्यक्रमों में तेजी लाने के लिए कार्य कर रही है।

## प्रभावती देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नाम से जाना जाएगा जयप्रकाश नगर सीएससी

बलिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयप्रकाश नगर अब लोकनायक जयप्रकाश नारायण की धर्मपत्नी प्रभावती देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयप्रकाश नगर के नाम से जाना जाएगा। इस आशय का पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत दिवस जारी किया है, और अस्पताल को उच्चीकृत करने के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का भी आदेश जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि 2016 में नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन बना था। नए भवन में सीएचसी शिफ्ट कर दिया गया। किंतु सुविधा का अस्पताल में सर्वथा अभाव रहा। फलस्वरूप 50हजार की आबादी को छोटे-मोटे बीमारियों पर भी 35 किलोमीटर दूर छपरा या 54 किलोमीटर दूर बलिया जाने की रहती है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला पुरुष कुल 8 चिकित्सकों, 4 एएनएम, 4फार्मासिस्ट, 2 वार्ड ब्वाय, 32आक्सीजन युक्त बेड, एक्सरे लैब वह टैक्नीशियन सहित अन्य सुविधाओं की आवश्यकता है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह के सुझाव पर कुछ कर्मचारियों की तैनाती की गई लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। अब जबकि मुख्यमंत्री ने स्वयं इस अस्पताल का नाम लोकनायक के धर्मपत्नी के नाम पर करने के साथ ही उच्चीकृत करने का निर्णय लिया है।

### हादसे के बाद भी नहीं चेत रहे लोग, एक बार फिर गंगा घाटों पर उमड़ी संस्कारियों की भीड़

# रजिस्टर्ड अतिरिक्त किसी भी नावों का गंगा नदी में नहीं होगा संचालन : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**



- दो दिन पहले ही नाव हादसे में डूबे थे तीन दर्जन लोग, चार की गई थी जान, छह इलाजरत

उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद स्थित माल्देपुर गंगा घाट पर मुंडन संस्कार में हुए नाव हादसे को अभी लोग भूले भी नहीं, तब तक गंगा घाटों पर मुंडन संस्कार के लिए बुधवार को फिर से भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि जिलाधिकारी के सख्त आदेश का पालन होते हुए दिखाई दिया। घाटों पर चलने वाली दर्जनों नाव घाट से गायब थी, जिसका सीधा मतलब है कि क्षेत्र में कोई पंजीकृत नाव नहीं है। नतीजतन लोग आये और मां गंगा में डुबकी लगाने के साथ ही पूजा-अर्चन के बीच मुंडन संस्कार की रस्में पूरी कर लौट गये।

गौरतलब हो कि माल्देपुर गंगा घाट पर मुंडन संस्कार के दौरान हुए नाव हादसे में चार लोगों की जान चली गई। मामले में दो नाविक गिरफ्तार किये जा चुके है। वहीं, जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार नाव हादसे को लेकर काफी गंभीर है। जिलाधिकारी ने घटना के दिन ही उत्तर प्रदेश नाव सुरक्षा एवं नाविक कल्याण नीति-2020 के अंतर्गत जिला स्तर पर नाव दुर्घटना रोकने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये। उन्होंने आदेशित किया है कि जनपद में रजिस्टर्ड नावों के अतिरिक्त किसी भी नाव का संचालन नहीं होगा। रजिस्टर्ड नाव की सुरक्षा जांच कराकर प्रत्येक नाव पर अधिकतम भार क्षमता, यात्रियों की संख्या, नाविक का नाम, नाव मालिक का नाम एवं नाव की अंतिम जांच तिथि का विवरण पीले रंग से साफ-साफ पढ़ने योग्य साइज में लिखा जाएगा।

**सेल्फी व जम्पिंग पॉइंट बना घाट का प्लेटफार्म :** हल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगा नदी के हुकुम छपरा घाट पर जहाज रोकने के लिए बना प्लेटफार्म मुंडन संस्कार में आये लोगो के लिए सेल्फी पॉइंट और जम्पिंग प्लेटफॉर्म सा बन गया है। प्लेटफार्म पर चढ़कर युवा गंगा नदी में जम्प लगाते हुए दिखे। वही युवक-युवतियां सेल्फी लेते नजर आये। जम्प लगा रहे लोगों के साथ किसी अनहोनी की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्लेटफार्म के नजदीक काफी गहरा पानी है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर स्थानीय पुलिस किस-किस को क्या समझाए? मुंडन



संस्कार के अतिउत्साह में लोग खतरों को भी भूल जाते है, जो एक दुर्घटना का कारण बन जाता है।

**लाइफ जैकेट एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की नाव पर सुनिश्चित हो उपलब्धता :** नावों की अधिकतम भार क्षमता का कड़ाई से अनुपालन कराया जाय एवं पानी के अंदर नाव के अधिकतम भाग को पीले रंग से इंगित किया जाय। लाइफ जैकेट एवं अन्य आवश्यक उपकरणों की नाव पर उपलब्धता सुनिश्चित हो। सभी नाविक लाइफ जैकेट पहनकर ही नाव में बैठे। नाव चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने तथा नाव पर सेल्फी आदि लेने को प्रतिबंधित किया जाय। नाव पर सुरक्षा के दृष्टिगत लाइफ बाय एवं लाइफ जैकेट भी पर्याप्त मात्रा में रखा जाय। साथ ही तैरने वाले उपकरण भी नाव में उपलब्ध रहें। किसी भी स्थिति में क्षमता से अधिक यात्री नाव में न बैठाया जाय। खराब मौसम अथवा तेज हवा में नाव का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। नदी के किनारे किसी भी कार्यक्रम को आयोजित करने से पूर्व संबंधित थाने को सूचना दिया जाना अनिवार्य होगा। सूत्रों की माने तो बुधवार को घाट पर मुंडन संस्कार को लेकर उमड़ी भीड़ की सूचना क्षेत्रीय थाने को नहीं थी। हालांकि पुलिस मौके पर थी, जो बढ़ती भीड़ को देखते हुए थानाध्यक्ष द्वारा स्वतः संज्ञान में लेकर लगाई गई थी।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**



पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध एवं आपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नगरा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध तमंचा मय कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में पाबंद कर गिरफ्तार अभियुक्त को चालान न्यायालय कर दिया।

नगरा थाने के उप निरीक्षक विकास यादव हमराह फोर्स के साथ देखभाल क्षेत्र में मामूर थे। इसी बीच, मुखबीर की सूचना पर सक्रिय पुलिस टीम ने अभिषेक यादव उर्फ निरहू पुत्र जयराम यादव (निवासी : श्रीरामपुर, नरही, थाना नगरा, बलिया) को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक तमन्चा व 02 जिन्दा कारतूस 0.315 बोर बरामद हुआ। पुलिस को यह सफलता सिकन्दरपुर मार्ग पर स्थित नरही नहर पुलिया के पास मिली। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक विकास यादव, हेड कां. सत्यनारायण यादव व राजकुमार यादव शामिल रहे।

## नप ईओ के खिलाफ एडीएम करेंगे जांच

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। ईओ सत्य प्रकाश सिंह पर लगे फर्जी भुगतान करने की जांच का जिम्मा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्र सिंह को सौंपा गया है। एक सप्ताह के अंदर बिंदुवार आख्या उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

नगर पालिका के वार्ड 11 के निवर्तमान सभासद संजय यादव ने 17 मई को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि उच्च न्यायालय द्वारा 27 दिसंबर 2022 को पारित आदेश के अनुपालन में नगर विकास विभाग के आदेश का उल्लंघन कर करीब पांच करोड़ 65 लाख 63 हजार 528 रुपये का फर्जी टेंडर कर अनियमित भुगतान किया है इससे नगर पालिका को राजस्व की बड़े पैमाने पर क्षति हुई है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने मामले की जांच करने जिम्मा अपर जिलाधिकारी को सौंपा है। साथ ही निर्देश दिया था कि



वार्ड नं. 11 के निवर्तमान सभासद संजय यादव की शिकायतों की बिंदुवार जांच कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। ताकि मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

एडीएम देवेंद्र सिंह ने बताया कि नगर पालिका ईओ पर निवर्तमान सभासद द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच से संबंधित जिलाधिकारी का पत्र फाइल में है। शीघ्र ही मामले की जांच की जाएगी।

### जिलाधकारी के नेतृत्व में जनपद स्तरीय जिला आयुष समिति की बैठक हुई संपन्न

# हेल्थ वेलनेस सेंटर के साथ निर्माण कार्यों की दें समीक्षा रिपोर्ट: डीएम

- 50 बेड के एकीकृत आयुष चिकित्सालय के लिए भूमि की उठी मांग

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय जिला आयुष समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि जनपद के करहा बाजार, कटिहारी एवं देवलास में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं, हेल्थ वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, चिरैयाकोट में नव निर्माण कार्य अभी प्रगति पर है। इसके अलावा हेल्थ वैलनेस सेंटर राजकीय यूनानी चिकित्सालय कासिमपुर, हेल्थ वैलनेस सेंटर राजकीय चिकित्सालय चांदपुर तथा हेल्थ वेलनेस सेंटर राजकीय यूनानी चिकित्सालय फतेहपुर ताल नरजा में निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। साथ ही आयुर्वेदिक चिकित्सालय बेलौली का नवीन भवन निर्माण कार्य तथा 50 बेड के एकीकृत आयुष चिकित्सालय हेतु नवीन भूमि के आवंटन हेतु संबंधित उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर भूमि की मांग की गई है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक को संबंधित खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से जनपद में संचालित 10 हेल्थ वेलनेस सेंटर के साथ ही समस्त निर्माण कार्यों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने योग वैलनेस सेंटर पर नियमित योग सत्र कराने के साथ ही अपनी सक्रियता और बढ़ाने के भी निर्देश क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में तैनात होम्योपैथिक एवं यूनानी डॉक्टरो हेतु निर्धारित कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी मुख्य विकास अधिकारी को दिए। इसके अलावा निर्माण कार्यों से संबंधित कार्यदाई संस्थाओं के साथ बैठक कर निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश जिला अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए। जिलाधिकारी ने आयुष विभाग द्वारा जनपद में किए जा रहे कार्यों का अधिक प्रचार प्रसार करने एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में अधिक सक्रियता दिखाने के भी निर्देश क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को दिए। बैठक के दौरान ही जिलाधिकारी ने आयुष ग्राम के संचालन की स्थिति, नगरीय क्षेत्र के पार्कों में आवास विकास एवम् नगर विकास विभाग के सहयोग से योग सत्र के संचालन एवं आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर के अंतर्गत अंशकालिक योग प्रशिक्षक पुरुष एवम् महिला के आबद्धिकरण के संबंध में भी विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रशांत नागर, उप जिलाधिकारी सदर आनंद कनौजिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाजपा सरकार के नौ साल पूरे होने पर मंडल कार्यसमितियों ने अंतिम दिन की जगह-जगह बैठक



**गाजीपुर।** राष्ट्र निर्माण और गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के नौ वर्ष की अतुलनीय, अद्वितीय उपलब्धियों से जन सामान्य को अवगत कराने के साथ 30 मई से 30 जून तक चलने वाले विभिन्न सांगठनिक कार्यों के महाभियान के लिए जिला कार्यसमिति में पारित योजनाओं कार्यक्रमों के सफलता के लिए 22, 23 और 24 मई को होने वाले मंडल कार्यसमितियों द्वारा बुधवार को अंतिम दिन गाजीपुर सदर पश्चिमी मंडल की बैठक बाबा घरभरन दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाराजगंज में मंडल अध्यक्ष गोपाल राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार स्थापित होने के बाद देश में राजनैतिक तुष्टिकरण से व्याप्त समस्याओं का समाधान भाजपा सरकार ने किया है। देश कैसे मजबूत हो, समाज के अंतिम व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास कि संभावनाओं पर सरकार ने प्रभावशाली प्रयास किया है। आज उसी का परिणाम है कि कोरोना जैसी महामारी में भी देश कुशल नेतृत्व के हाथों सकुशल सुरक्षित रहा विश्व पटल पर देश कि सराहना से हर देशवासी को सम्मान मिला।

### स्कूलों में आयोजित समर कैंप बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर लाने में सहायक




**गाजीपुर।** रेवतीपुर के बीएसडी पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय समर कैंप के समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम व अपनी कला के विलक्षण प्रतिभाग पेश कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। उधर संकल्प संस्थान बलिया से आए आनंद चौहान ने कविता वाचन व जनगीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम में समा बांध दिया। छत्तीसगढ़ से आए कथक कलाकार लक्ष्मण साहू ने बेहतरीन प्रस्तुति कर मौजूद लोगों को मन्त्र मुग्ध कर तालियां बजाने पर मजबुर कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक बिपिन बिहारी राय ने कहा कि यह छात्र -छात्राएं ही हमारे लिए एक स्वस्थ समाज की नींव हैं । उन्होंने कहा कि इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करना है। प्रबंधक ने कहा कि समर कैंप बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर लाने में सहायक होते हैं। इससे बच्चों में जहां आत्म विश्वास पैदा होता है, वहीं छात्रों की भाषा पर भी अच्छी पकड़ होती है। कहा कि हर छात्र प्रतिभावान है। उनकी प्रतिभा को निखारने में स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों को भी काफी जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को समय-समय पर आयोजित होने वाले इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

### काजोल ने यूपीएससी की परीक्षा में लाया 149 रैंक



**गाजीपुर।** यूपीएससी की परीक्षा में देवकली ब्लाक के राजापुर उर्फ आगापुर के ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार की भतीजी काजोल सिंह प्रथम प्रयास में आईएएस बनकर पूरे जनपद का नाम प्रदेश मे रोशन किया है। काजोल सिंह आईएएस की परीक्षाफल सूची में 149 रैंक है। काजोल सिंह भूगोल बिषय से जेएनयू दिल्ली में एमए कर रही है। काजोल सिंह की उम्र लगभग 23 वर्ष है, जो लखनऊ में कार्यरत अनिल कुमार एडीशनल फूड कमीश्नर की पुत्री है। काजोल ने हाई स्कूल नैनीताल, इंटरमीडिएट लखनऊ तथा बीए दिल्ली विश्वविद्यालय किया। वर्तमान में वह एमए जेएनयू दिल्ली से कर रही है। काजोल शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है। इनके छोटे भाई वरुण कुमार इंग्लैंड में अध्ययनरत हैं तथा माता किरन देवी गृहणी है। काजोल को सफलता मिलने पर विजय कुमार, शैलेन्द्र कुमार, सुनिल कुमार, प्रवीण कुमार, प्रदीप कुमार, धर्मदेव व ग्राम प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष फेंकन यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि उपेंद्र यादव ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### रोडवेज बस के धक्के से ट्राली चालक घायल



**बलिया।** जनपद के फेफना कस्बे के पूरब एनएच 31 पर कार को बचाने में आइसक्रीम बेचने वाले ट्राली में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। इससे जहा ट्राली चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, वही आइसक्रीम ट्राली क्षतिग्रस्त हो गया। आक्रोशित लोगों ने एंबुलेंस से घायल ट्राली चालक को जिला अस्पताल भेजवाया तथा रोडवेज बस चालक की पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार मऊ से बलिया के लिए आ रही रोडवेज बस एनएच 31 पर कस्बे के पूरब कार को बचाने में सामने से आ रहे आइसक्रीम ट्राली चालक 55 वर्षीय राधामोहन शाह को टक्कर मार दिया, जिससे वह घायल हो गए। राधामोहन को घायल अवस्था में छटपटाता देख आक्रोशित लोगों ने एंबुलेंस से उनको जिला अस्पताल भेजवाया। आक्रोधित लोगो ने बस का शीशा भी तोड़ने के साथ ही बस चालक की जमकर धुनाई कर दी। घटना के बाद सड़क जाम हो गया। सड़क के दोनो तरफ वाहनों की कतार लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस बस चालक को अपने साथ लेकर चली गई।

### बालू के अवैध खनन के खिलाफ चला अभियान



**बलिया।** सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के कठौड़ा गांव में अवैध रूप से हो रहे बालू खनन के खिलाफ एडीएम अरुण कुमार मिश्र की अगुवाई में पंहुची प्रशासनिक अमले की टीम ने चार ट्रेक्टर व ट्राली को पकड़ कर सीज कर दिया। एसडीएम द्वारा की गई इस कारवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया। प्रदेश सरकार द्वारा अवैध बालू खनन व मिट्टी खनन रोके जाने के दिए गए निर्देश के बाद से ही स्थानीय तहसील प्रशासन सक्रिय हो गया है। सरयू नदी के किनारे चल रहे सफेद बालू के अवैध खनन व्यापार को रोकने के लिए प्रशासनिक अमले ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। ज्ञात हो कि सरयू नदी के किनारे कठौड़ा, कुड़ियापुर, लीलकर, सिसोटार, खरीद, डुहा बिहरा गांवों से अवैध रूप से सफेद बालू खनन कर सरकार को लाखों रुपए का चूना खनन माफिया लगा रहे हैं।इससे एक तरफ सरकार की आर्थिक क्षति होने के साथ ही दूसरी तरफ आम जनता को भी मंहगे दर पर सफेद बालू खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। वही हो रहे इस अवैध खनन के कारण सड़कों पर चलना भी दूभर हो गया है । वुधवार की प्रातः उपजिलाधिकारी सिकन्दरपुर अरुण कुमार मिश्रा, सीओ सिकन्दरपुर भूषण वर्मा,थाना प्रभारी दिनेश पाठक के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक टीम ने कठौड़ा गांव में सरयू नदी के किनारे सफेद बालू लदे 5 ट्रेक्टर व ट्रालियों को पकड़ लिया।